दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

# कारखाने से 625 किलो नकली घी और दुकान से 115 लीटर तेल व 25 किलो एक्सपायरी घी जब्त

## Khargon News - दूध और उससे बनी वस्तुओं में मिलावट पर स्वास्थ्य मंत्री तुलसी सिलावट व मुख्य सचिव एसआर मोहंती द्वारा वीडियो...



Khargon News mp news seized 625 kg of ginger and 115 liters of oil from the factory and seized 25 kg expiry ghee from the factory

Jul 28, 2019, 08:30 AM IST



दूध और उससे बनी वस्तुओं में मिलावट पर स्वास्थ्य मंत्री तुलसी सिलावट व मुख्य सचिव एसआर मोहंती द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। आदेश के अलगे दिन ही शनिवार को शहर में दो जगह कार्रवाई हुई। कारखाने से 625 किलो नकली घी व दुकान से 25 किलो व 115 लीटर एक्सपायरी खाद्य तेल मिला है। कारखाने का व्यापारी 80 रुपए किलो के तेल व 95 रुपए राग डालडा में खुशबू वाला केमिकल डालकर 800 रुपए का दो किलो घी बनाता था। उसने टीम को बनाने की पूरी प्रक्रिया बताई।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत के नेतृत्व में टीम ने दाता हनुमान गेट के पास स्थित राज ट्रेडर्स पर कार्रवाई की। यहां एक्सपायरी घी व खाद्य तेल मिला। इसके बाद टीम घाटी जीन पहुंचे। यहां टीनशेड में हार्दिक द्वारकादास महाजन हार्दिक ट्रेडर्स के नाम से नकली घी का कारखाना संचालित कर रहा था। एसडीएम ने नकली घी के डिब्बे खरीदने के बिल की जानकारी मांगी तो हार्दिक ने कहा- बिल किसी अन्य फर्म से खरीदा गया था। एसडीएम ने संबंधित फर्म और गोडाउन को भी खुलवाकर जांचा पर कुछ नहीं मिला। खाद्य एवं औषधि निरीक्षक मयूरी डोंगरे ने नकली घी, वनस्पति घी और तेल के सैंपल लिए हैं। कार्रवाई के दौरान टीआई ललितसिंह डागुर आदि मौजूद थे।

कारखाना संचालक हार्दिक महाजन नकली घी बनाने की प्रक्रिया बताते हुए।

टीनशेड में किसी को शंका तक नहीं हुई, जीएसटी की चोरी अलग

हार्दिक घाटी जीन में टीनशेड के पुराने मकान में कारखाना चला रहा था। हार्दिक ने जीएसटी की भी चोरी की है। वह दो जगह से राग कंपनी का डालडा घी बिना बिल के लेता था। त्योहारों में नकली व एक्सपायरी घी, तेल को खपाने की तैयारियां थी। साथ ही 15 दिन के बाद शहर में धार्मिक शोभायात्रा निकलेगी। इसमें इसका बेचा जाता।

**राज पर एक बार भी कार्रवाई नहीं, दो साल पहले हार्दिक के तेल का सैंपल हुआ था फेल**

खाद्य एवं औषधि विभाग या प्रशासन की टीम ने राज ट्रेडर्स पर अब तक एक बार भी कार्रवाई नहीं की है। यहां बड़ी मात्रा में मूंगफली, सोयाबीन तेल व घी बेचा जाता है। हार्दिक ट्रेडर्स पर दो साल पहले कार्रवाई हुई थी। यहां तेल का सैंपल अमानक निकला था। इसमें कार्रवाई हुई थी। अफसरों की माने तो जुर्माना कार्रवाई के बाद दोबारा व्यापारी नकली सामग्री बनाने लगते हैं।

**नॉलेज : हार्ट, लिवर समस्या होती है**

डालडा असल में वनस्पति तेल बनाने वाली एक कंपनी का नाम है। यह भारत सहित पाकिस्तान व दक्षिण एशिया में सबसे लंबे समय तक चले सफल ब्रांड में से एक रही है। वनस्पति घी (डालडा) वनस्पति तेल से बनता है। तेल को ठोस व शुद्ध घी जैसा बनाने के लिए हाइड्रोजनीकृत किया जाता है, जिससे ट्रांस फैटी एसिड्स बढ़ जाते हैं जो एलडीएल कोलेस्ट्रॉल यानी खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा हार्ट प्रॉब्लम्स को बढ़ाते हैं। वनस्पति घी बनाने के लिए एक या ज्यादा वनस्पति तेल मिलाए जाते हैं। इस मिश्रण को 70 डिग्री सेल्सियस पर गर्म कर लगातार मिलाया जाता है। सोयाबीन का तेल, ताड़ का तेल, कपास के बीज का तेल व सरसो का तेल का उपयोग होता है। जिला अस्पताल के एमडी एमएस बार्चे ने कहा कि नकली घी खाने से हार्ट, मोटापा, लिवर, एलर्जी जैसे बीमारियों हो सकती है। शुद्धता के मानक होना चाहिए।

**अमानक मिले तो रासुका भी लगा सकते हैं**

Source: https://www.bhaskar.com/mp/khargon/news/mp-news-seized-625-kg-of-ginger-and-115-liters-of-oil-from-the-factory-and-seized-25-kg-expiry-ghee-from-the-factory-083005-5112112.html?utm_expid=.YYfY3_SZRPiFZGHcA1W9Bw.0&utm_referrer=https%3A%2F%2Fwww.google.com%2F